


# Brink's
# नीति संहिता

ETHICS & COMPLIANCE

# MARK EUBANKS का संदेश

1859 से, हमारे ग्राहकों ने बचाव और सुरक्षा के लिए हम पर भरोसा किया है। हमारा व्यवसाय पुराने तरीके से विकसित होते हुए बेहद जटिल, वैश्विक नेटवर्क बना है, जो नकद का प्रबंधन और मूल्यवान चीजों का परिवहन पेश करता है।

आज, जबकि हम लगातार अपने ग्राहकों के नकद और मूल्यवान चीजों का प्रबंधन करने और जोखिम को कम करने के नए तरीके खोज रहे हैं, तो कुछ चीजें शाश्वत हैं। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण सत्यनिष्ठा के साथ और कानून का पूरा अनुपालन करके काम करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता है।

हमारे ग्राहक हम पर हर दिन सही काम करने पर भरोसा करते हैं। नैतिकता के उच्चतम मानकों के साथ संचालन करना हमारी सफलता हेतु अहम है और इससे प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता है। लेकिन नैतिक रूप से और सत्यनिष्ठा के साथ संचालन करना केवल अच्छी व्यावसायिक समझ पैदा करने से संबंधित नहीं है - इसका तात्पर्य हमारी संस्कृति और हमारे द्वारा बनाए जा रहे खुले, स्पष्ट माहौल बनाना है, जहां हर कोई सवाल करने, चिंताएं व्यक्त करने और बातचीत और निर्णय लेने में सहभागी और सहज महसूस करे।

हमारी नीति संहिता हमारे नैतिक आचार की नींव रखती है और हमारे काम करने के तरीके के लिए दिशानिर्देश देती है। इस सम्मान को इन चार सिद्धांतों पर भी बनाया गया है:

- एक-दूसरे का सम्मान,
- BRINK'S और इसके हितधारकों का सम्मान,
- हमारे ग्राहकों का सम्मान, और
- हमारे समुदायों का सम्मान।




हम सभी को इन दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए और अपने सिद्धांतों पर कायम रहना चाहिए, चाहे हम किसी भी व्यावसायिक दबाव का सामना करें।

प्रबंधकों की अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि वे उदाहरण स्थापित करें और अपनी देख-रेख के सभी लोगों में हमारी नैतिकता और अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा दें। उन्हें ऐसा माहौल भी बनाना चाहिए, जहां कर्मचारी सवाल करने और चिंताएं व्यक्त करने में सहज महसूस करें।

निश्चित रूप से, हमारी संहिता हर संभावित स्थिति को शामिल नहीं कर सकती। तथापि, अनेक अन्य संसाधन भी उपलब्ध हैं, जिनसे आपको कार्रवाई का सहिता तरीका तय करने में मदद मिलेगी, जिनमें शामिल हैं:

- आपका प्रबंधक,
- मानव संसाधन,
- अनुपालन और कानूनी पेशेवर, और
- हमारी एथिक्स हॉटलाइन, जहां आप प्रतिशोध के डर के बिना चिंताएं व्यक्त कर सकते या रिपोर्ट कर सकते हैं।

मैं आप सभी को हमारी नीति संहिता पढ़ने और नीति के साथ ही अखंडता के हमारे सिद्धांतों अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। Brink's के प्रति आपके निरंतर समर्पण देने और हमारी संहिता के मानकों को बनाए रखने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।

Mark Eubanks
अध्यक्ष और मुख्य अधिशासी अधिकारी

ETHICS & COMPLIANCE

# विषय-सूची


## संहिता के बारे में

संहिता का उद्देश्य . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 5
संहिता के सिद्धांत . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 6
चिंताओं की रिपोर्ट करना . . . . . . . . . . . . . . . 7
चिंताओं की रिपोर्ट करने पर कोई प्रतिशोध नहीं . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 8

## एक-दूसरे का सम्मान

उचित और समान बर्ताव . . . . . . . . . . . . . 10
गोपनीयता और डेटा की रक्षा . . . . . . . . . . . .11
उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थल . . . . . . . . . . . . . . 12
सुरक्षित और संरक्षित कार्यस्थल . . . . . . . . . . 13

## BRINK'S और इसके हितधारकों का सम्मान

रिकॉर्ड और रिपोर्ट की सटीकता . . . . . . . . . . 15
ऑडिट, जांच और पूछताछ का जवाब देना. . . . 16
इंसाइडर ट्रेडिंग कानूनों का पालन करना . . . . . 17
गोपनीय जानकारी का बचाव करना . . . . . . . . 18
कंपनी की संपत्तियों और संसाधनों का बचाव करना. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 19
Brink's ब्रांड और अन्य बौद्धिक संपत्ति का बचाव करना. . . . . . . . . . . . . . . . . . . 20
हितों के टकरावों से बचना. . . . . . . . . . . . . 21
उपहार और मनोरंजन . . . . . . . . . . . . . . . 23
हमारे सार्वजनिक संचार और सोशल मीडिया का ध्यान रखना. . . . . . . . . . . . . 25

## हमारे ग्राहकों और बाज़ार का सम्मान

कानून का अनुपालन करना . . . . . . . . . . . . 27
हमारे व्यवसाय में शामिल लोगों के साथ उचित व्यवहार करना . . . . . . . . . . . 28
अनुचित भुगतान . . . . . . . . . . . . . . . . . 29
नैतिकता और कानूनी तरीके से प्रतिस्पर्धा करना. . . . . . . . . . . . . . . . . . 31
हवाला से रक्षा करना . . . . . . . . . . . . . . . 33
अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नियमों का पालन करना . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 34

## हमारे समुदायों का सम्मान

अच्छे कार्पोरेट नागरिक की तरह व्यवसाय करना . . . . . . . . . . . . . . . . . . 36
कानून के अनुकूल राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होना . . . . . . . . . . . . . . . . . 37

## संपर्क और नीति संदर्भ की विषय सूची

संपर्क की जानकारी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 39
कंपनी की नीतियां और प्रकटन के टूल्स . . . . . 40

## अल्फाबेटिकल सूची

अं - ट . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 41
टि - य . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 42
रा - हि . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 43



# संहिता के बारे में

# संहिता का उद्देश्य

Brink’s (कंपनी) कानून का पालन करने और अपने पूरे व्यवसाय के दौरान अपने कार्यों में नैतिकता और अखंडता के सिद्धांतों का उपयोग करने के प्रति समर्पित है। हमसे Brink’s की अन्य लागू नीतियों और दिशानिर्देशों का पालन करने की उम्मीद की जाती है, जिनमें से कुछ इस संहिता में संदर्भित हैं।

हमें कंपनी की तरफ से अपनी गतिविधियों में अनुचित काम के आभास से भी बचना चाहिए।

नैतिक दुविधा का सामना करने की स्थिति में, आपको खुद से निम्नलिखित सवाल पूछकर अपने विकल्पों का आकलन करना चाहिए:

- क्या यह वैध है?
- क्या यह संहिता और हमारे व्यवसाय करने के तरीके के अनुरूप है?
- अगर अन्य लोगों को मेरे कामों के बारे में पता चले तो वे कैसी प्रतिक्रिया देंगे?
- अगर मुझे पता नहीं, तो क्या मैंने मदद मांगी?

इस संहिता में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे आपके श्रम और रोजगार कानून के अधिकारों या स्थानीय कानून के तहत दी गई किसी व्हिसलब्लोअर रक्षा को प्रतिबंधित या बाधित किया जाएगा। अगर आपको संहिता की व्याख्या या लागू करने के बारे में सवाल पूछने हैं, तो आप कई संसाधनों से मदद के लिए संपर्क कर सकते हैं। आप अपने प्रबंधक, अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि, कानून विभाग या अपने क्षेत्रीय अनुपालन निदेशक (आपका "रिपोर्टिंग चैनल") से परामर्श कर सकते हैं।

हम अपनी संहिता पर बने रहने के प्रति समर्पित हैं। संहिता में केवल बहुत सीमित हालात में ही कोई छूट या अपवाद उचित होगी और इसकी अनुमति पूर्व में ही Brink’s कंपनी के मुख्य अधिशासी अधिकारी या महा परामर्शदाता से ली जानी चाहिए। निदेशक या अधिशासी अधिकारी को दी गई किसी छूट या अपवाद की स्वीकृति Brink’s कंपनी के निदेशक मंडल से ली जानी चाहिए और इसे लागू नियमों या विनियमों के अनुसार सार्वजनिक रूप से प्रकट किया जा सकता है।

Brink’s नीति संहिता ऐसे मानक सेट करती है, जिनका पालन हमें नीति और अखंडता के अपने सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए करना चाहिए। इससे तात्पर्य उन विभिन्न हालातों पर आम मार्गदर्शन देने से है, जिनका सामना हम कंपनी की ओर से व्यवसाय करते हुए कर सकते हैं, लेकिन यह केवल प्रारंभिक बिंदु है। इसमें हर संभावित स्थिति शामिल नहीं हो सकती, और यह अच्छे निर्णय की जगह नहीं ले सकती।

# संहिता के सिद्धांत

यह संहिता चार मुख्य सिद्धांतों पर आधारित है:


- एक-दूसरे का सम्मान;
- □□□□□’□ और इसके हितधारकों का सम्मान;
- हमारे ग्राहकों और बाज़ार का सम्मान; और
- हमारे समुदायों का सम्मान।

Brink’s के कर्मचारियों, अधिकारियों, और निदेशकों के तौर पर, हम सभी इन सिद्धांतों पर बने रहने, और हमेशा सही काम करने का श्रम करने के लिए सहमत होते हैं। इस संहिता से किसी को छूट नहीं मिलती, चाहे पोजिशन या अवधि कुछ भी हो।

Brink’s के प्रबंधकों की अपनी निगरानी-संबंधी और नेतृत्व की भूमिकाओं के कारण से इस संहिता के तहत कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारिया हैं। प्रबंधकों से निम्न उम्मीदें की जाती हैं, कि:

- वे हमेशा नैतिक आचार के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए नैतिक नेतृत्व के लिए आदर्श की तरह काम करें;
- वे सुनिश्चित करेंगे कि सभी कर्मचारी समझते हैं कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और उनका समर्थन करने के लिए उनके पास आवश्यक संसाधन हैं;
- वे नैतिक तौर पर और संहिता का पालन करते हुए अपने काम करने में कर्मचारियों का समर्थन करते हैं;
- वे ऐसा माहौल बनाते हैं जिसमें कर्मचारियों को बोलने और सवाल व चिंताएं व्यक्त करने पर सहज महसूस करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है;
- वे चिंताओं की उचित समीक्षा करते हैं और आवश्यक होने पर उन्हें आगे बढ़ाते हैं;
- कभी किसी कर्मचारी के विरुद्ध प्रतिशोध नहीं लेते या दूसरों के प्रतिशोध के कामों को नज़रअदांज़ नहीं करते; और
- वे कर्मचारियों को संहिता का पालन करने के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं।

संहिता का पालन न करने से अनुशासनात्मक कार्रवाईकी जा सकती है या बर्खास्त भी किया जा सकता है। इसके अलावा, इस संहिता में कवर किए गए अनेक सिद्धांत कानूनी शर्तें भीहैं, और इनके उल्लंघन से नागरिक या आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है।



# चिंताओं की रिपोर्ट करना

हमारी कंपनी स्पष्टता भरे माहौल को बढ़ावा देती हैं, जहां कर्मचारी किसी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी चिंताएं व्यक्त कर सकते हैं। Brink's में हर किसी से यह उम्मीद की जाती है कि वे यह सुनिश्चित करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें कि हमारा आचार इस संहिता के अनुकूल हों।

अगर आप संहिता या अन्य कानूनी शर्तों के उल्लंघन या संभावित उल्लंघन से अवगत होते हैं, तो आपको जल्द से जल्द इसकी शिकायत करनी चाहिए।

उल्लंघन की शिकायत करने या किसी चिंता पर चर्चा करने के लिए, आपको अपने रिपोर्टिंग चैनल पर पहुंचना चाहिए:

- अपने प्रबंधक या अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें;
- आंतरिक ऑडिट विभाग से संपर्क करें;
- कंपनी के कानून विभाग से संपर्क करें;
- अपने क्षेत्रीय अनुपालन निदेशक से संपर्क करें; या
- एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क करें।

कंपनी अच्छी नीयत से उठाई गई ज्ञात या संदिग्ध कदाचार से संबंधित चिंताओं की तुरंत और निष्पक्ष रूप से जांच करेगी, और आवश्यक होने पर उचित कार्रवाई करेगी। कंपनी चिंता व्यक्त करने वाले किसी व्यक्ति को फीडबैक देने का उद्यम करेगी, जब ऐसा करना उचित हो।

Brink's अपने कर्मचारियों और हितधारकों को संभावित अनैतिक या गैर-कानूनी आचरण से संबंधित अपनी चिंताओं को सीधे कंपनी के ध्यान में लाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे हमें जांच करने और किसी आवश्यक सुधार कार्रवाईकरने का मौका मिल सके। तथापि, इस नीति में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे किसी को उचित स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी एजेंसी के समक्ष अच्छी नीयत के साथ किसी संदिग्ध कानूनी या नियामक उल्लंघन की शिकायत करने से रोका जाए। Brink's में किसी को ऐसी कोई बात प्रकट करने से पहले अनुमति लेने या सूचना देने की आवश्यकता नहीं है।

SCAN HERE

https://brinkshotline.ethicspoint.com पर एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क करें (30+ भाषाओं में उपलब्ध) या अपनी स्थानीय हॉटलाइन पर कॉल करें (नंबर वेबसाइट पर दिए गए हैं)।

आप एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क करके अनाम रहते हुए रिपोर्ट कर सकते हैं। एथिक्स हॉटलाइन स्वतंत्र कंपनी संचालित करती है, जो रिपोर्ट को कंपनी के पास उस पर कार्रवाईकरने के लिए भेजती है और यह सप्ताह में 7 दिन, 24 घंटे उपलब्ध है।

यू.एस. के बाहर के कुछ न्यायिक क्षेत्रों में हॉटलाइन और अन्य रिपोर्टिंग तंत्रों के उपयोग पर कुछ कानूनी सीमाएं होती हैं। अगर आप यू.एस. के बाहर रहते हैं और सुनिश्चित नहीं हैं कि आप पर कौन से कानून लागू होते हैं या संहिता के तहत शिकायत करने के तंत्र को लेकर कोई सवाल पूछने हैं, तो आपको अपने रिपोर्टिंग चैनल से संपर्क करना चाहिए।

# चिंताओं की रिपोर्ट करने पर कोई प्रतिशोध नहीं

अगर आप अच्छी नीयत से कोई चिंता व्यक्त करते हैं, तो प्रतिशोध से आपकी रक्षा की जाएगी। प्रतिशोध बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसे मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई और यहां तक कि बर्खास्तगी भी हो सकती है। ▯अच्छी नीयत▯ से की गई रिपोर्ट से मतलब है कि आपने अपने पास मौजूद सभी जानकारी दे दी है और आप इसे सच मानते हैं। अगर आप अच्छी नीयत से जांच में भाग लेते हैं, तो भी प्रतिशोध से आपकी सुरक्षा की जाएगी।

अगर आपको प्रतिशोध का अनुभव होता है, तो तुरंत अपने रिपोर्टिंग चैनल को इसकी रिपोर्ट करें।

---

**Q.** मेरे प्रबंधक ने मुझे कुछ ऐसा करने के लिए कहा जो शायद संहिता के विरुद्ध है और अवैध भी हो सकता है। मुझे संभवतः इसकी शिकायत करनी चाहिए, लेकिन मैं भयभीत हूं और आवाज़ उठाने के परिणामों से डरता हूं। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** कभी भी ऐसा कुछ न करें जो आपको संहिता का उल्लंघन है या अवैध लगे, भले ही आपका प्रबंधक आपको ऐसा करने के लिए कहे, और अपनी सहजता के अनुसार अपने रिपोर्टिंग चैनल के किसी सदस्य को तुरंत इसकी रिपोर्ट करें। आप अच्छी नीयत से अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए चाहे जिस भी शिकायत करने के तरीके का उपयोग करें, आप प्रतिशोध से रक्षित रहेंगे।




# एक-दूसरे का सम्मान

# उचित और समान बर्ताव

हम अपने साथी कर्मचारियों, और हमारे साथ व्यवसाय करने वाले हर व्यक्ति के साथ गरिमा, सम्मान और निष्पक्ष बर्ताव करते हैं। हमारी व्यावसायिक सफलता के लिए हमारा विविध कार्यबल आवश्यक है, और हम विभिन्न अनुभव और पृष्ठभूमि के लोगों से मिलने वाले योगदानों और नज़रिये को महत्व देते हैं। हम भरोसेमंद साझेदारी बनाने और कंपनी के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए स्पष्टता और पारदर्शिता से संवाद करते हैं, और पूरे संगठन में सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं।

हम जहां भी काम करते हैं, वहां सभी कर्मचारियों को बराबर का मौका देना, Brink's के विश्वास और अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता की बुनियादी बात है। सभी कर्मचारियों और आवेदकों को उनकी योग्यता, अनुभव, योगदान और निष्पादन के आधार पर चुना, आंका, मुआवजा दिया, प्रशिक्षित, पदोन्नत और अनुशासित किया जाता है, न कि इन योग्यता के अलावा अन्य विशेषता या कारणों के आधार पर।

हम नस्ल, रंग, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, जातीयता, यौन अभिविन्यास, वैवाहिक स्थिति, वयोवृद्ध स्थिति, धर्म, विकलांगता या व्यक्ति की योग्यता और काम करने की क्षमता से संबंध न रखने वाली किसी अन्य बात के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं।

---

**Q.** मेरा मानना है कि मुझे महिला होने के नाते पदोन्नति नहीं दी गई। मुझमें इस पद के लिए योग्यताएं हैं, और जब मेरी सहयोगी ने बच्चा पैदा करने के बाद इस्तीफा दिया था, तब मैंने अस्थायी आधार पर यह पद संभाला था। तथापि, मैंने प्रबंधक को यह कहते हुए सुना कि इस पद पर किसी पुरुष को रखना अच्छा है, क्योंकि उसके गर्भवती होने की चिंता नहीं होती। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** अपनी चिंताओं की जांच के लिए अपने रिपोर्टिंग चैनल से अपनी चिंताओं की शिकायत करें।

# गोपनीयता और डेटा की रक्षा

हम पर्सनल डेटा और जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करते हैं, चाहे वह कागज़ पर हो या इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में। इसका मतलब है कि:

- हम निजी जानकारी केवल वहां एकत्रित करते हैं, जहां यह Brink's के व्यवसायों के संचालन के लिए आवश्यक हो;
- हम ऐसी जानकारी रखने या उपयोग करने का वैध व्यावसायिक उद्देश्य रखने वालों को ही निजी जानकारी उपलब्ध कराते हैं; और
- हम निजी जानकारी को सुरक्षित रूप से संगृ हीत करते हैं और आवश्यकता न रह जाने पर हटा देते हैं।

पर्सनल डेटा और जानकारी में कर्मचारियों के नाम, पहचान संख्या, तस्वीर, घर और कार्यालय की संपर्क जानकारी, मुआवजा, वैवाहिक स्थिति, मेडिकल रिकॉर्ड और अन्य निजी जानकारी शामिल हो सकती है।

हम जहां भी संचालन करते हैं, वहां लागू डेटा रक्षा के नियमों और कानूनों का पालन करते हैं। वैश्विक उपस्थिति वाली कंपनी के रूप में, हम देशों के बीच किसी निजी जानकारी ट्रांसफर करने से पहले उचित प्रक्रियाएं और सुरक्षा उपाय करते हैं।

हमारी गोपनीयता प्रतिबद्धताओं के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए, हमारी वैश्विक डेटा रक्षा नीति या लागू क्षेत्रीय डेटा रक्षा नीति देखें।

हम निजी जानकारी की रक्षा करते हैं और गोपनीयता बनाए रखते हैं, लेकिन कंपनी के हितों की रक्षा के लिए, लागू कानून के अनुसार, हमारे पास कंपनी के व्यवसाय संचालन के संबंध में इसके उपकरण और सिस्टम की खोज करने का अधिकार सुरक्षित है। कर्मचारियों के तौर पर, हमें कंपनी के उपकरण या सिस्टम के उपयोग में गोपनीयता रखने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जिसमें ईमेल, फाइलों और अन्य दस्तावेज़ों और कंपनी के उपकरण या सिस्टम पर बनाई या संगृहीत की गई जानकारी की गोपनीयता शामिल हैं।

---

**Q.** मैं अपने एक कर्मचारी को छह महीने की असाइनमेंट के लिए विदेश में Brink's की दूसरी लोकेशन पर भेजने के बारे में सोच रहा/रही हूं। क्या मैं उसकी कर्मचारी फाइल दूसरे देश के मानव संसाधन विभाग को भेज सकता/सकती हूं, ताकि वे उसकी असाइनमेंट की तैयारी कर सकें?

**A.** किसी कर्मचारी की जानकारी विदेश भेजने से पहले, अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि या कंपनी के कानून विभाग से सुनिश्चित कर लें कि उचित डेटा रक्षा प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

# उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थल

Brink's उत्पीड़न, धमकी, और व्यक्तियों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों से मुक्त कार्यस्थल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्पीड़न कई तरह का हो सकता है, लेकिन आम तौर पर इसमें कर्मचारियों को डराने, धमकाने या अपमानित करने वाला मौखिक या शारीरिक बर्ताव शामिल होता है, जैसे कि अपमानजनक या नीचा दिखाने वाले चुटकुले, अवांछित यौन प्रस्ताव और आक्रामक मौखिक, विज़ुअल या शारीरिक व्यवहार। इसमें किसी कार्यस्थल या संयंत्र (जैसे कि, कार्यालय, शाखाएं, ब्रेक रूम, ग्राहक की लोकेशन, Brink's के वाहन, कंप्यूटर, या मोबाइल कम्यूनिकेशन डिवाइस) में किसी प्रकार की स्पष्ट रूप से आक्रामक या अपमानजनक सामग्री प्रदर्शित करना या वितरित करना शामिल है, जैसे कि तस्वी रें, कार्टून, चुटकुले या प्रतीक।

Brink's हर किसी के साथ मर्यादा और सम्मान के साथ बर्ताव करने और भरोसेमंद साझेदारी बनाने के प्रति समर्पित है।

अगर आपको लगता है कि आपको किसी तरह के उत्पीड़न, धमकी या अन्य गैर-पेशेवर बर्ताव का अनुभव हो रहा है, या इनमें से किसी बर्ताव को देख रहे हैं, तो अपने रिपोर्टिंग चैनल को अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करें।

**Q.** मनी रूम का सुपरवाइज़र हमेशा कैशियरों के कंधों पर हाथ घुमाता रहता है और उनके शरीर के बारे में इशारे करते हुए टिप्पणी देता रहता है। मुझे पता है कि इससे वे असहज महसूस करती हैं, लेकिन उन्हें किसी को यह बताने में डर लगता है क्योंकि वह उनका सुपरवाइज़र है। मैंने इस बारे में अपने शाखा प्रबंधक को बताया और उन्होंने बस हंसते हुए कहा कि मैं बहुत ज्यादा संवेदनशील हो गया हूँ। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** उत्पीड़न की रिपोर्ट करना हर कर्मचारी की ज़िम्मेदारी है, भले ही वे पीड़ित न हों। अपने रिपोर्टिंग चैनल से इस हादसे की रिपोर्ट करें। इसके अलावा, आप इन कर्मचारियों को खुद ही इस आचार की रिपोर्ट करने हेतु प्रोत्साहित कर सकते हैं और उन्हें कर्मचारियों को प्रतिशोध से बचाने के कंपनी के समर्पण की याद दिला सकते हैं।

यह संभव है कि कर्मचारियों का शोषण उनके सहकर्मियों, अधीनस्थों, साथ ही साथ प्रबंधकों या सुपरवाइज़र द्वारा किया जाए। उत्पीड़न समान लिंग, सेक्शुएलिटी, जाति या जातीयता जैसी जनसांख्यिकीय समानता वाले लोगों के बीच भी हो सकता है।

प्रबंधकों द्वारा अपने अधीनस्थों को डेट पर ले जाने की कोशिश करने से इस बात का जोखिम बढ़ सकता है कि उनकी हरकत को यौन उत्पीड़न माना जा सकता है (हितों के टकराव के अलावा)। इसलिए, अधीनस्थ को डेट को अत्यधिक हतोत्साहित किया जाता है और, लागू कानून के अनुसार, यह स्थानीय नीति द्वारा प्रतिबंधित हो सकता है।

कृपया अपने अधीनस्थ के साथ डेटिंग के संबंध में, जिस देश में आप हैं, वहां की नीति के बारे में और जानने के लिए अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें।

हिंसा और उत्पी ड़न से मुक्त सहज कार्यस्थल नीति

# सुरक्षित और संरक्षित कार्यस्थल

संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना - हमारे कर्मचारियों हेतु विश्वास की संस्कृति को बनाए रखने के लिए, हमारे ग्राहक और उनकी मूल्यवान चीजें, और जनता आवश्यक है। हम हमेशा Brink's के स्थापित संरक्षा और सुरक्षा प्रथाओं, नीतियों और मानकों के साथ ही, उन देशों में लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं, जिनमें हम काम करते हैं। हम कर्मचारियों के लिए खतरों, डर, आक्रामक व्यवहार, शारीरिक हमलों और अन्य प्रकार की हिंसा से मुक्त कार्यस्थल बनाए रखते हैं।

उनकी संरक्षा और सुरक्षा के जोखिम Brink's के काम करने के आम तरीके में शामिल हैं। तथापि, अगर आपको चिंता है कि आपके कार्यस्थल या कार्य क्षेत्र में इन अंतर्निहित जोखिमों के अलावा भी कोई स्वास्थ्य या सुरक्षा संबंधित जोखिम है, तो अपनी चिंता की रिपोर्ट करें।

---

**Q.** मैं एक ड्राइवर के साथ काम करता हूं, जो कई बार उसके रास्ते में आने वाले पैदल यात्रियों को शारीरिक हिंसा की धमकी देता है। वह कभी भी पैदल यात्रियों को सीधे तौर पर धमकी नहीं देता, और मुझे नहीं लगता कि वह कभी उन धमकियों पर अमल करेगा। मुझे उसके लिए मुश्किल खड़ी नहीं करनी, लेकिन कभी-कभी मुझे डर लगता है कि वह कितना गुस्सैल है। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** अपने रिपोर्टिंग चैनल को तुरंत अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करें। सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्यस्थल बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, जिसमें कंपनी के वाहन और ग्राहक लोकेशन भी शामिल हैं।

हिंसा और उत्पी डन से मुक्त
सहज कार्यस्थल नीति



# BRINK'S और इसके हितधारकों का सम्मान



# रिकॉर्ड और रिपोर्ट की सटीकता

हम यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेंगे कि कंपनी पूर्ण, सटीक और सामयिक वित्तीय और व्यावसायिक रिकॉर्ड बनाए रखे। ऐसा करने से कंपनी को पूर्ण, सटीक और सामयिक रिपोर्ट देने में मदद मिलती है, जिससे हमारे शेयरधारकों और अन्य साझेदारों को कंपनी के परिणाम और वित्तीय स्थिति का पता चलता है।

हम लागू वित्तीय और लेखांकन रिपोर्टिंग मानकों के साथ ही कंपनी के आंतरिक नियंत्रणों और कार्य-विधियों का पालन करते हैं। हम गलत या भ्रामक प्रविष्टियां, रिकॉर्ड या रिपोर्ट नहीं रखते। अगर आप किसी भी गलत या भ्रामक प्रविष्टि, रिकॉर्ड या रिपोर्ट के बारे में जानते हैं या आपको संदेह है, तो आपको अपने रिपोर्टिंग चैनल से इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए।

यू.एस. की सार्वजनिक कंपनी होने के नाते, Brink's कंपनी को कंपनी के लेखांकन, अभिलेखारक्षण और स्वतंत्र ऑडिट के दायित्व पर लागू विभिन्न कानूनों का पालन करना होता है। इन कानूनों में से एक 2002 का सार्बेन्स-ऑक्सली अधिनियम है, जिसे प्राय: □□□ कहा जाता है। लेखांकन, प्रतिभूति के कानून या ऑडिटिंग संबंधित मामलों से जुड़ी शिकायतों और चिंताओं के लिए, अपने रिपोर्टिंग चैनल से संपर्क करें। अनुरोध करने पर, ऐसी शिकायतों और चिंताओं को अनाम रूप से और गोपनीयता से संभाला जाएगा।

---

**Q.** मैं लेखांकन में काम करता हूं। साल खत्म होने में बस दो दिन बाकी हैं और मेरे प्रबंधक ने मुझे वह अनुबंध के लिए राजस्व रिकॉर्ड करने के लिए कहा है ताकि हम अपने वार्षिक राजस्व लक्ष्य को पूरा कर सकें, जो हमें अगले महीने हासिल हो सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** अपने रिपोर्टिंग चैनल से बात करें। राजस्व रिकॉर्ड करना लेखांकन और रिपोर्टिंग के मानकों और हमारी संहिता का उल्लंघन होगा। लेखांकन की गलत प्रविष्टियां करना गैर-कानूनी है और स्वीकार्य नहीं है, भले ही आपका प्रबंधक आपको ऐसा करने के लिए कहे।

# ऑडिट, जांच और पूछताछ का जवाब देना

हम अपने आंतरिक और बाहरी ऑडिटर्स के अनुरोध मानते हैं और उन्हें सटीक व सामयिक जानकारी देते हैं। हम कंपनी द्वारा या किसी सरकारी प्राधिकरण की जांच-पड़तालों के संबंध में मांगी गई जानकारी भी प्रदान करते हैं।

हम उन सभी दस्तावेज़ों को बनाए रखने पर खास ध्यान देते हैं, जो हमारी कंपनी से जुड़ी हुई आसन्न या जारी जांच, मुकदमों, ऑडिट या परीक्षणों से संबंधित हैं। यदि आप जानते हैं या सूचित हैं कि आपके पास रखे दस्तावेज़ कानूनी प्रक्रिया के अधीन हैं या जांच के लिए आवश्यक हैं, तो आपको इन रिकॉड्र्स को किसी भी तरह से नष्ट, छुपाना या परिवर्तित नहीं करना चाहिए। किसी जांच में भाग लेने पर, सुनिश्चित करें कि आप कभी कोई झूठा या भ्रामक बयान न दें, या किसी और को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित न करें। जांचकर्ता को गलत जानकारी देने से हमारी कंपनी और शामिल व्यक्ति पर आपराधिक जवाबदेही हो सकती है।

---

**Q.** मेरे देश का ऑडिट आंतरिक ऑडिट विभाग द्वारा किया जा रहा है और मुझे चिंता है कि अगर मैंने उन्हें कुछ निश्चित दस्तावेज़ दिखा दिए, तो इससे प्रतिकूल ऑडिट रिपोर्ट बनेगी और इसका बुरा असर मेरे प्रबंधक पड़ेगा। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** आपको ऑडिट के दौरान आंतरिक ऑडिट विभाग द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज़ देने होंगे, ताकि वे मामले को सटीकता और पूर्ण तरीके से समझ सकें, भले ही इससे प्रतिकूल रिपोर्ट बने।

# इंसाइडर ट्रेडिंग करने वाले कानूनोंका पालन करना

हम “इंसाइडर ट्रेडिंग” को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों का पालन करते हैं। यानि हम महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक (या “इंसाइडर”) जानकारी होने पर, स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियां नहीं खरीदते, बेचते या ट्रेड नहीं करते हैं, जिसमें हमारी कंपनी के स्टॉक भी शामिल हैं। यह हमारे काम के दौरान मिलने वाले सभी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी पर लागू होता है, जिसमें Brink’s के बारे में या अन्य कंपनी के बारे में जानकारी शामिल है, जैसे कि ग्राहक या विक्रेता।

हम “टिप देने” को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों का भी पालन करते हैं। टिप देने का मतलब है, किसी और के साथ महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा करना, जो उस जानकारी का उपयोग स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियां खरीदने, बेचने या ट्रेड करने के लिए कर सकता है। हमें Brink’s के बाहर किसी को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी बताने से बचना चाहिए (परिवार के सदस्यों सहित), और Brink’s के अंदर किसी व्यक्ति के साथ जानकारी साझा करने से बचना चाहिए, सिवाय उन लोगों के जिन्हें अपनी नौकरी के दायित्वों को पूरा करने के लिए वह जानकारी जानने की आवश्यकता हो।

**Q.** मैंने कल Brink’s की एक सहकर्मी के साथ लंच किया, जिसने मुझे बताया कि वह हमारे एक स्थानीय प्रतिस्पर्धी के साथ विलय पर काम कर रही है, जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। मुझे लगता है कि हमारे विलय की घोषणा के बाद स्टॉक की कीमत बढ़ेगी, तो यह स्टॉक खरीदने का सही समय है, है न?

**A.** गलत। अब आपके पास अंदरूनी जानकारी है, इसलिए आप इस सौदे के सार्वजनिक होने तक Brink’s के स्टॉक, या स्थानीय प्रतिस्पर्धी के स्टॉक खरीद, बेच, या अन्यथा ट्रेड नहीं कर सकते। आप किसी और साथ भी यह जानकारी साझा नहीं कर सकते।

कंपनी की इंसाइडर ट्रेडिंग नीति में इंसाइडर ट्रेडिंग और Brink’s के कर्मचारियों के बारे में अतिरिक्त सूचना शामिल है।

जानकारी “महत्वपूर्ण” है, अगर कोई विचारपूर्ण निवेशक कंपनी के स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या होल्ड करने का निर्णय लेते हुए उस जानकारी को महत्वपूर्ण माने। जानकारी “गैर-सार्वजनिक” है, जब तक कि उसे प्रेस विज्ञप्ति या अन्य सार्वजनिक फाइलिंग के ज़रिये व्यापक रूप से प्रकट न कर दिया जाए, और प्रतिभूति बाज़ार को उस जानकारी समझते हुए पर्याप्त समय न बीत जाए।



# गोपनीय जानकारी का बचाव करना

हमें सभी को Brink's की गोपनीय और मालिकाना जानकारी को रक्षित करना होगा। हमें अपने ग्राहकों, विक्रेताओं और जिनके साथ काम करते हैं, उनसे संबंधित गोपनीय और मालिकाना जानकारी को भी रक्षित करना होगा। हम निम्न तरह से ऐसा करते हैं:

- Brink's के अंदर ऐसी जानकारी को केवल उन लोगों से साझा करना, जिन्हें अपनी नौकरी के दायित्वों को पूरा करने के लिए वह जानकारी जानने की आवश्यकता हो।
- ऐसी जानकारी और रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से संभालना और संगृ हीत करना; और
- कंपनी या जानकारी के मालिक की लिखित सहमति के बिना तीसरे पक्ष को ऐसी जानकारी प्रकट न करना।

जब तक जानकारी का मालिक इसे सार्वजनिक तौर पर प्रकट नहीं करता, तब तक जानकारी प्राय: गोपनीय ही रहती है। गोपनीय जानकारी की रक्षा करने का हमारा दायित्व पूरी नौकरी के दौरान और यहां तक कि बर्खास्तगी या सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहता है। Brink's की नौकरी छोड़ने पर, हमसे सभी गोपनीय जानकारी कंपनी को वापस करने की उम्मीद की जाती है।

गोपनीय और/या मालिकाना जानकारी ईमेल सहित, हार्ड कॉपी या इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ और रिकॉर्ड हो सकती है, या यह मौखिक जानकारी भी हो सकती है। गोपनीय जानकारी के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ग्राहक के अनुबंधों या उनके बारे में जानकारी जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं;
- कंपनी के कर्मचारियों या ग्राहकों से जुड़ी निजी जानकारी, जैसे कि चिकित्सा की जानकारी, कर्मचारी पहचान संख्या, बैंक खाता संख्या और अन्य प्रकार की निजी जानकारी;
- नए उत्पादों या नई जगहों या नए व्यवसाय क्षेत्रों में नियोजित विस्तार के बारे में जानकारी;
- गैर-सार्वजनिक वित्तीय और लेखांकन परिणाम;
- प्रस्तावित विलयों, अधिग्रहणों या प्रबंध के बारे में जानकारी; और
- कंपनी की रणनीति के बारे में जानकारी।




हमारे प्रतिस्पर्धियों से जुड़ी जानकारी हासिल करना और उसका उपयोग करना, वैश्विक अविश्वास कानूनों के तहत विशेष चिंता का विषय है। कृपया इस विषय पर और चर्चा करने के लिए संहिता के नैतिकता और कानूनी तरीके से प्रतिस्पर्धा करना अनुभाग को देखें।

कर्मचारी के डेटा और जानकारी को सुरक्षित रखने के हमारे दायित्व के बारे में और जानने के लिए, संहिता का गोपनीयता और डेटा रक्षा अनुभाग देखें।

# कंपनी की संपत्तियों और संसाधनों का बचाव करना

यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि कंपनी की संपत्ति और संसाधनों का दुरुपयोग, खोना, क्षतिग्रस्त या बर्बादी न हो। कंपनी के संसाधनों का दुरुपयोग या बर्बादी करने से हमारे संचालन और वित्तीय निष्पादन को नुकसान पहुंचता है।

सामान्य नियम के तौर पर, हमें कंपनी की संपत्तियों के निजी उपयोग से बचना चाहिए। ई-मेल, टेलीफ़ोन और इंटरनेट जैसे संचार उपकरणों का उचित निजी उपयोग तब तक स्वीकार्य है जब तक इसका हस्तक्षेप हमारी नौकरी के दायित्वों पर न पड़े और इससे कंपनी को ज्यादा अतिरिक्त खर्च न पड़े। आपके द्वारा कंपनी के उपकरण का निजी उपयोग करना उचित है या नहीं, अगर इसे लेकर आपके कोई सवाल या चिंताएं हैं, तो अपने प्रबंधक से इस पर चर्चा करें।

हमें अवैध, आक्रामक, या यौन रूप से स्पष्ट सामग्री डाउनलोड करने, देखने या भेजने के लिए कंपनी के कंप्यूटर सिस्टम और प्रौद्योगिकी का कभी भी उपयोग नहीं करना चाहिए, और हमें व्यवसायिक या निजी उपयोग के लिए कंपनी की संपत्तियों का उपयोग करते समय कंपनी के सभी लागू नियमों का पालन करना चाहिए।

लागू कानून के अनुसार, कंपनी के उपकरण और नेटवर्क पर मौजूद सभी जानकारी, डेटा और फाइलें कंपनी की हैं। कंपनी के पास बिना किसी पूर्व सूचना के कंपनी के उपकरण में किसी संदेश, दस्तावेज़ या किसी अन्य फाइल की निगरानी, उपयोग या खुलासा करने का अधिकार सुरक्षित है, जैसा कि कंपनी अपने वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के तहत निर्धारित करती है।

---

**Q.** मेरे पास कंपनी का मोबाइल फ़ोन है जो मुझे अपने साथ ही रखना होता है, इसलिए मेरे पास निजी मोबाइल फ़ोन नहीं है। क्या मुझे निजी कॉल और टेक्स्ट के लिए अपने कंपनी फ़ोन का उपयोग करने की अनुमति है?

**A.** जब तक कि आपका कंपनी फ़ोन का निजी उपयोग उचित है और इससे आपके काम के दायित्वों पर असर नहीं पड़ता है, इसकी अनुमति है। अगर आपको चिंता है कि आपके निजी उपयोग के कारण कंपनी पर ज्यादा अतिरिक्त खर्च आएगा, तो अपने प्रबंधक से इस पर चर्चा करें।

# BRINK'S ब्रांड और अन्य बौद्धिक संपत्ति की रक्षा

कंपनी की सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक Brink's ब्रांड है, जो दुनिया भर में विश्वास और अखंडता का मान्य प्रतीक बन गया है। ब्रांड में Brink's का नाम, ट्रेडमार्क और लोगो शामिल है। हमारे पास अन्य मूल्यवान बौद्धिक संपदा भी है, जैसे पेटेंट किए गए आविष्कार, कॉपीराइट सामग्रियां, ट्रेडमार्क, व्यापारिक रहस्य और जानकारी। हम लागू कानून द्वारा अनुमति की सीमा तक अपने ब्रांड और अन्य बौद्धिक संपदा को अनधिकृत उपयोग से बचाने की हर संभव कोशिश करते हैं।

अपने ब्रांड सहित, अपनी बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है, जिसके लिए यह पक्का किया जाता है कि इसका उपयोग तीसरे पक्ष द्वारा अनुमति के बिना न किया जाए। अगर आप किसी तीसरे पक्ष द्वारा अनुचित या आपत्तिजनक तरीके से हमारे नाम, ट्रेडमार्क या लोगो का उपयोग किए जाते हुए देखते हैं, तो अपने प्रबंधक या कंपनी के कानून विभाग को जानकारी दें।

हमारी अपनी बौद्धिक संपदा के अलावा, हम दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यानि हम उचित अधिकार के बिना, दूसरों की बौद्धिक संपदा को उपयोग या प्रकट नहीं करते, या दूसरों को इसका उपयोग या प्रकट करने की अनुमति नहीं देते। दूसरों की बौद्धिक संपदा को अनधिकृत उपयोग या प्रकट करने से कंपनी और यहां तक कि संबंधित कर्मचारियों को नागरिक दायित्व, अर्थदंड या आपराधिक दंड का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे जोखिमों से बचने में मदद के लिए, कानून विभाग से परामर्श करें:

- उत्पादों या सेवाओं के लिए नए नाम अपनाने से पहले;
- दूसरी कंपनियों से मेल खाने वाले नए या संशोधित उत्पादों या प्रक्रियाओं को लॉन्च करने से पहले;
- पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, या अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित आवेदनों या अन्य फाइलिंग के लिए; या
- फ़ोटोग्राफ़, वीडियो, लेखों, दस्तावेज़ों या सॉफ्टवेयर का उपयोगकरने से पहले, जिनका कॉपीराइट किसी और के पास हो सकता है।

जब हम अपने काम के दायित्वों के दौरान Brink's ब्रांड का उपयोग करते हैं, तो हमें कंपनी के कार्पोरेट और ब्रांड के दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। ब्रांड के किसी भी उपयोग के लिए, विज्ञापन या मार्केटिंग उद्देश्यों के लिए या Brink's के बाहर किसी व्यक्ति द्वारा उपयोग करने सहित, इसकी स्वीकृति कंपनी के कानून विभाग से लेनी होगी।

---

**Q.** मैं एक प्रज़ेंटेशन बना रहा हूं जिसका उपयोग कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा और मुझे ऑनलाइन एक बेहतरीन इमेज मिली जिसे मैं शामिल करना चाहूंगा। क्या मैं ऐसा कर सकता हूं?

**A.** ऑनलाइन पोस्ट की जाने वाली चीजों पर भी बौद्धिक संपदा की रक्षा लागू हो सकता है, जो अनुमति के बिना पुनरुत्पादन को प्रतिबंधित करती है। अगर वेबसाइट से स्पष्ट नहीं है कि पुनरुत्पादन के लिए अनुमति आवश्यक है या नहीं, तो कानून विभाग से संपर्क करके यह तय करें कि आपका इस नियत उपयोग की अनुमति है या नहीं।

# हितों के टकरावों से बचना

यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम कंपनी के सर्वोत्तम हित में काम करने और इस जिम्मेदारी में टकराव पैदा करने वाले कामों और गतिविधियों से दूर रहें। हितों का टकराव तब होता है, यदि हमारी निजी, सामाजिक, वित्तीय या राजनीति गतिविधियां Brink's के प्रति हमारे कर्तव्यों को बाधित, संभवत: बाधित करती हैं, या बाधित करती हुई प्रतीत होती हैं।

ऐसे हर हालात को समझाना असंभव है, जिसमें टकराव पैदा हो सकता है। ऐसे कुछ तय हालात हैं, जो हमेशा हितों के टकराव और इस संहिता का उल्लंघन माने जाएंगे। उदाहरणों में शामिल हैं:

- Brink's की तरफ से रिश्तेदार या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ व्यवसाय करना, जिसके साथ आपके नज़दीकी संबंध हैं;
- रिश्तेदार या किसी ऐसे व्यक्ति को नौकरी देना, पदोन्नत करना या सुपरवाइज़ करना, जिसके साथ आपके नज़दीकी संबंध हैं;
- ऐसा कोई काम करना जो Brink's के व्यवसाय से प्रतिस्पर्धा करता हो या Brink's के व्यवसाय से प्रतिस्पर्धा करने में दूसरों की मदद करना; और
- ऐसे व्यावसायिक अवसर का निजी लाभ उठाना, जिसके बारे में आपको Brink's में अपना काम करते हुए पता लगता है या किसी और को (जैसे पारिवारिक सदस्य, दोस्त या परिचित) ऐसे अवसर के बारे में जानकारी देना।

कुछ अन्य हालात भी हैं, जिनसे हितों का टकराव पैदा हो सकता है। इन हालातों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- कोई दूसरी नौकरी करना, Brink's के अलावा किसी निकाय में सलाहकार या निदेशक की तरह काम करना;
- किसी मौजूदा या संभावित ग्राहक में अपना या परिवार के सदस्य का वित्तीय हित होना (जैसे, इनमें से एक या अधिक निकाय से स्टॉक खरीदना या पैसे लोन लेना);
- आपको सीधे रिपोर्ट करने वाला ऐसा व्यक्ति होना, जिसके आपके रिश्तेदारों या आपके नज़दीकी लोगों के साथ व्यावसायिक सौदे हों;
- परिवार के सदस्य द्वारा ऐसा व्यवसाय करना जो Brink's के साथ प्रतिस्पर्धा करता हो; और
- अगर आप कंपनी की तरफ से ग्राहक, आपूर्तिकता या अन्य सेवा प्रदाताओं से संबंधित निर्णय ले रहे हैं, तो उनसे निजी छूट या अन्य लाभ हासिल करना।

किसी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी से वित्तीय हित प्राप्त करना हितों का टकराव नहीं माना जाता, अगर यह हित सार्वजनिक रूप से बेचे गए विविध म्यूचुअल फंड, इंडेक्स फंड या प्रतिभूतियों की ऐसी ही पूलिंग से प्राप्त हुआ है, जब तक कि आप फंड के निवेश संबंधित निर्णयों को प्रभावित न करते हों।

वैश्विक हितों का टकराव नीति

# हितों के टकरावों से बचना

यहां तक कि टकराव प्रतीत होने के भी नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए, यह विचार करते हुए कि हितों का टकराव हो सकता है या नहीं, हमें यह विचार करना चाहिए कि हमारे काम दूसरों के समक्ष कैसे प्रस्तुत हो सकते हैं।

अगर आप खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जिसमें हितों का टकराव शामिल हो सकता है, या टकराव प्रतीत होता है, तो आपको अपने रिपोर्टिंग चैनल से बात करके उचित मार्गदर्शन लेना चाहिए।



कुछ हालातों में सामान्य सौजन्यताएं प्राप्त करना उपयुक्त हो सकता है, जैसे कि जिन विक्रेताओं के साथ आपका प्रत्यक्ष संबंध है, उनसे प्रचारात्मक वस्तुएं या उचित मूल्य का छुट्टियों का उपहार, अनियमित भोजन या मध्यम मनोरंजन प्राप्त करना।

**Q.** मेरा घर की मरम्मत करने का व्यवसाय है और मैं सप्ताहांत में काम करता हूं, जिसके लिए मुझे मुआवजा मिलता है। क्या इससे Brink's में मेरे काम के साथ हितों का टकराव होता है?

**A.** सामान्य बात करें, तो संहिता के तहत यह कोई टकराव नहीं है, जब तक कि आप Brink's के लिए काम करने की अपनी समयावधि के दौरान ऐसा कोई काम न करें और अपने मरम्मत करने के व्यवसाय के लिए किसी भी तरह से Brink's के संसाधनों का उपयोग न करें। तथापि, Brink's के बाहर दूसरी नौकरी करना या कोई और काम करना स्थानीय कंपनी की नीति या स्थानीय कानूनों के तहत सीमित या प्रतिबंधित हो सकता है। इसलिए, आपको हितों का टकराव फॉर्म का उपयोग करके अपने प्रबंधक को किसी दूसरे व्यवसाय या नौकरी की जानकारी देनी होगी, ताकि पता चल सके कि आप जिस देश में काम करते हैं, वहां इसकी अनुमति है या नहीं। अगर इसकी अनुमति है, तो आपको अपने प्रबंधक को इस व्यवसाय के प्रकार या स्कोप में होने वाले किसी बदलाव के बारे में भी सूचित करना होगा।

**Q.** मेरा भतीजा/भांजा नौकरी ढूंढ रहा है, और मेरी शाखा में ड्राइवर का रिक्त पद भरा जाना है। क्या हम दोनों एक ही शाखा में काम कर सकते हैं?

**A.** एक ही लोकेशन में रिश्तेदारों के काम करने पर किसी तरह का कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है। तथापि, आप उसे नौकरी देने की प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते हैं और अगर वह चुन लिया जाता है, तो आप उसे सुपरवाइज़ करने की शृंखला में शामिल नहीं हो सकते। आपको अपने प्रबंधक और मानव संसाधन को उसके साथ अपनी रिश्तेदारी के बारे में भी बताना होगा।

हितों का टकराव घोषणा फॉर्म

# उपहार और मनोरंजन

उपहारों का आदान-प्रदान करने से रचनात्मक व्यावसायिक संबंधों को प्रोत्साहन मिलता है, जैसे कि व्यावसायिक मनोरंजन में शामिल होना, या खाने या यात्रा के खर्चों का भुगतान करना। ये गतिविधियां तब तक स्वीकृत हैं, जब तक कि वे कंपनी की नीतियों का पालन करती हों। हम केवल वैध व्यावसायिक उद्देश्य से ही इन गतिविधियों में शामिल होते हैं, जैसे कि सेवाओं के प्रदर्शन के दौरान उपलब्ध सेवाओं या क्षमताओं के बारे में समझाना, प्रदर्शित करना या सीखना, या पिछले व्यवसाय के लिए कभी-कभार प्रशंसा के संकेत के रूप में।

तथापि, महंगे उपहार पाना हमारे व्यावसायिक निर्णयों में निष्पक्ष बने रहना मुश्किल कर सकता है। आपूर्तिकर्ताओं, विक्रेताओं और साझेदारों का हमारा चुनाव लागत, गुणवत्ता, मूल्य और सेवा स्तरों जैसे निष्पक्ष कारकों पर आधारित होना चाहिए। हमें ऐसी संभावना से भी बचना चाहिए कि व्यावसायिक निर्णय इन संबंधों के माध्यम से दिए या पाए गए उपहारों के आधार पर लिए गए हैं। हम जिस भी तीसरे पक्ष के साथ व्यवसाय कर रहे हैं या करना चाहेंगे, उससे कभी भी अनुचित लाभ लेने या उसके निर्णय को अनावश्यक रूप से प्रभावित करने वाली इन गतिविधियों में शामिल नहीं होते। उपहारों के सभी आदान-प्रदान वैश्विक उपहार और मनोरंजन नीति के अधीन हैं।

जब इन गतिविधियों में शामिल होना स्थानीय कानून, प्राप्तकर्ता के खुद के नियमों का उल्लंघन हो, या भले ही इससे कोई अनुचित उद्देश्य की पूर्ति प्रतीत होती हो, तो हम इनमें शामिल नहीं होते हैं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि उपहार, मनोरंजन और यात्रा के खर्च हमेशा व्यावसायिक संबंध के लिए उपयुक्त हों और उचित मूल्य के हों।

अगर इस बारे में आपके कोई सवाल हों कि उपहार, भोजन या मनोरंजन उपयुक्त है या नहीं, तो अपने प्रबंधक से बात करें।

हम कभी भी उपहार के रूप में नकदी या प्रीपेड कार्ड या ट्रेवलर्स चेक्स जैसे नकदी के समकक्ष उपहार नहीं देते या स्वीकार करते। किसी तय उद्देश्य के लिए उपहार कार्ड (निर्धारित रेस्तरां में खाना, कोई निर्धारित उत्पाद, या ऐसे ही) वैश्विक उपहार और मनोरंजन नीति के तहत स्वीकार्य हो सकता है। अगर आपको नकदी या नकदी के समकक्ष उपहार मिलता है, तो इसे तुरंत वापस कर दें और अपने रिपोर्टिंग चैनल को इस स्थिति के बारे में सूचित करें।

मनोरंजन, खाना-पीना और यातायात के खर्च उचित हैं या नहीं, ये हालातों के अनुसार अलग हो सकते हैं, जिसका व्यक्ति का मनोरंजन किया है उसके पद और मनोरंजन के स्थान सहित। तथापि, ये कभी भी प्रकार या खर्च के मामले में भव्य नहीं होने चाहिए। सामान्य बात करें, तो व्यावसायिक भोजन व्यवसाय के लिए उपयुक्त रेस्तरां में होने चाहिए; यात्रा कोच क्लास होनी चाहिए; ठहरना बिज़नेस-क्लास होटल में चाहिए। प्राय:, उपहार उचित मूल्य के होने चाहिए (प्राय: □□□50 से कम), और सिर्फ कभी-कभी ही दिया या पाया जा सकता है। अगर उपहार या किसी मनोरंजन, भोजन या यात्रा के खर्च की उपयुक्तता को लेकर आपके कोई सवाल या चिताएं हों, तो अपने रिपोर्टिंग चैनल से इस स्थिति पर चर्चा करें। उपहार, मनोरंजन, भोजन या यात्रा से संबंधित खर्चों की रिपोर्ट सटीकता से होनी चाहिए।

उपहार और मनोरंजन स्वीकृति फॉर्म

# उपहार और मनोरंजन

राज्य-शासित या नियंत्रित निकायों या संगठनों के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित, सरकारी अधिकारियों को उपहार या मनोरंजन देना या भोजन या यात्रा का भुगतान करना खास चिंता का विषय हो सकता है। सरकारी अधिकारी को उपहार, मनोरंजन, भोजन या यात्रा देने से पहले, आपको उपहार और मनोरंजन स्वीकृति फॉर्म जमा करके स्वीकृति लेनी होगी।

[उपहार और मनोरंजन स्वीकृति फॉर्म]

---

**Q.** एक संभावित बड़े रिटेल ग्राहक की प्राप्ति अधिकारी हमारे नकदी संसाधन का संचालन देखना चाहती है। क्या मैं टूर और प्रदर्शन के लिए उसके और उसके पति की हवाई यात्रा के साथ ही उनके होटल रूम और भोजन के खर्चों का भुगतान कर सकता हूं?

**A.** संभावित ग्राहक को कंपनी का संचालन दिखाने के लिए उपयुक्त यात्रा, होटल और भोजन के खर्च का भुगतान करना तब उपयुक्त हो सकता है, जब यह व्यावसायिक चर्चा से संबंधित हो। तथापि, जीवनसाथी के यात्रा और भोजन के खर्च का भुगतान करना उपयुक्त नहीं होगा, क्योंकि इस टूर और प्रदर्शन में जीवनसाथी के शामिल होने का कोई वैध व्यावसायिक उद्देश्य नहीं है।

**Q.** मेरे पास एक प्रसिद्ध शो की दो टिकटें हैं, जो मैं अपने एक संभावित ग्राहक को देना चाहूंगा, जिसके लिए हमने हाल ही में □□□ का जवाब जमा किया है। क्या यह स्वीकार्य है?

**A.** नहीं। ऐसे ग्राहक को उपहार देना, जिससे Brink's सक्रियता से व्यवसाय हासिल करने की कोशिश कर रही है, नीलामी प्रक्रिया के परिणाम को प्रभावित करने की कोशिश मानी जा सकती है। यहां तक अनुचित उद्देश्य की संभावना भी इस उपहार को अनुचित बना देगी।




---

सरकारी अधिकारियों और निकायों के साथ सौदा करने पर और मार्गदर्शन [वैश्विक उपहार और मनोरंजन नीति] में पाया जा सकता है, या अपने रिपोर्टिंग चैनल से संपर्क करें।

---

BRINKS

# हमारे सार्वजनिक संचार और सोशल मीडिया का ध्यान रखना

हम Brink's के हितधारकों के साथ स्पष्ट और सटीक संचार का समर्थन और प्रोत्साहन करते हैं। हम महत्वपूर्ण है कि कंपनी की तरफ से बात करते समय, हम एक सुर में बात करें। इस वज़ह से, केवल Brink's के कुछ ही कर्मचारी (कंपनी के मुख्य अधिशासी अधिकारी, मुख्य वित्तीय अधिकारी और उपाध्यक्ष - निवेश संबंध व कार्पोरेट संचार और वरिष्ठ प्रबंधन के नामित सदस्यों सहित) ही कंपनी की तरफ से बात करने के लिए अधिकृत हैं।

Brink's हर दिन अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तीसरे पक्षों के साथ जुड़ती और अनुभव साझा करती है। सोशल मीडिया कंपनी को अपने हितधारकों के साथ बातचीत करने में जो विभिन्न अवसर प्रदान करता है, हम उसे समझते और उसकी सराहना करते हैं। “सोशल मीडिया” में मोटे तौर पर ब्लॉग, माइक्रो ब्लॉग, सोशल नेटवर्किंग साइट, विकी, फ़ोटो/वीडियो शेयरिंग साइट, मैसेज बोर्ड और चैट रूम शामिल हैं। बाकी तरह के संचार की तरह, केवल अधिकृत कर्मचारी ही कंपनी की ओर से संवाद करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं।

आपको ध्यान से अपने निजी संचारों को Brink's की ओर से किए गए संचारों से अलग रखना चाहिए। व्यक्तिगत ईमेल भेजते समय या अपनी व्यक्तिगत क्षमता में सोशल मीडिया का उपयोग करते समय, इन बातों का ध्यान देना महत्वपूर्ण है, जहां आपको Brink's के लेटरहेड का उपयोग करने से बचना चाहिए, और कभी भी कंपनी, साथी कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, या अन्य जिनके साथ कंपनी व्यापार करती है, के बारे में गोपनीय जानकारी प्रकट नहीं करनी चाहिए।

अगर मीडिया, प्रतिभूति विश्लेषक, निवेशक, या अन्य हितधारकों से कोई आपसे पूछताछ करता है, तो आपको ऐसा करने के लिए अधिकृत न होने पर कोई जवाब नहीं देना चाहिए। प्रायः, मीडिया, प्रतिभूति विश्लेषकों, निवेशकों की पूछताछ को कंपनी के उपाध्यक्ष - निवेशक संबंध और कार्पोरेट संचार के पास प्रेषित किया जाना चाहिए। कृपया ज्यादा जानकारी के लिए कंपनी की विनियमन □□ नीति देखें।

सोशल मीडिया के उपयोग पर और जानकारी कंपनी की वैश्विक सोशल मीडिया नीति में पाई जा सकती है।






# हमारे ग्राहकों और बाज़ार का सम्मान

# कानून का अनुपालन करना

Brink’s वैश्विक कंपनी है और यह विविध संस्कृतियों, कानूनों और राजनीतिक तंत्रों वाले कई देशों में संचालन करती है। हमारा बुनियादी नियम है कि हम जिस देश में काम करते हैं, वहां के कानूनों का हमेशा पालन करते हैं। यू.एस. की सार्वजनिक कंपनी होने के नाते, हमें यू.एस. के उन कानूनों का भी पालन करना होगा, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर हमारे गैर-यू.एस. संचालनों पर लागू होते हैं।

बोझिल लगने वाले किसी कानून को नज़रअंदाज़ करने के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। चाहे जिस भी प्रयोजन किया जाए, कानून का उल्लंघन करने के कारण हमारी प्रतिष्ठा खोने, ग्राहक खोने, अर्थदंड, और यहां तक कि कारावास जैसे परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

अगर आप स्थानीय कानूनी शर्त और इस संहिता के बीच अंतर पाते हैं, तो हमेशा सबसे कठोर मानक ही लागू करें। अगर आपको संदेह है कि कानून का उल्लंघन हुआ है या होगा, तो आपको इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए। भले ही आपको सारे तथ्य न पता हों, तब भी अपने रिपोर्टिंग चैनल से चर्चा करें कि आपको क्या पता है। आपकी रिपोर्ट से हमें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हम समस्या की ध्यानपूर्वक जांच करके तय कर सकते हैं कि उल्लंघन हुआ है या नहीं।

इस संहिता में दुनिया भर में कंपनी पर लागू होने वाले सभी अलग-अलग कानूनों, विनियमों और अन्य कानूनी शर्तों को समाहित नहीं किया जा सकता। अगर स्थिति को लेकर आपके कोई सवाल हों, तो अपने रिपोर्टिंग चैनल से संपर्क करें।

# हमारे व्यवसाय में शामिल लोगों के साथ उचित व्यवहार करना

हम अपने ग्राहकों, विक्रेताओं, कर्मचारियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ निष्पक्षता से व्यवहार करते हैं। हम अपने व्यवसाय में सभी हितधारकों के साथ अपने संबंधों को महत्व देते हैं और उनके साथ केवल सच्ची और स्पष्ट जानकारी ही साझा करते हैं। हम गोपनीय जानकारी में हेर-फेर करके, छिपाकर, उनका दुरुपयोग करके या महत्वपूर्ण तथ्यों को गलत तरीके से पेश करके किसी का अनुचित लाभ नहीं उठाते।

---

**Q.** मैं एक संभावित ग्राहक से सौदेबाज़ी कर रहा हूं, जो फिलहाल हमारे एक बड़े प्रतिस्पर्धी के साथ काम कर रहा है। हाल ही में, मैंने यह अफवाहें सुनी कि यह प्रतिस्पर्धी वित्तीय दिक्कत झेल रहा है और उसने अपना बीमा खो दिया है। क्या मैं इस संभावित ग्राहक के साथ यह जानकारी साझा कर सकता हूं?

**A.** नहीं। आप प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धियों से जुडी अफवाहें साझा नहीं कर सकते। ग्राहक को असत्यापित अफवाह देकर उसका लाभ उठाना अनुचित और अनैतिक है।

# अनुचित भुगतान

हम व्यवसाय करने या बनाए रखने, व्यक्ति के कामों या निर्णयों को प्रभावित करने, या अनुचित लाभ हासिल करने के लिए कोई भुगतान नहीं करते हैं या अन्य अनुचित प्रलोभन या रिश्वत नहीं देते, और न ही ऐसी पेशकश करते हैं। अनुचित प्रलोभनों में अनुचित उद्देश्य के लिए किसी भी कीमत की कोई भी चीज देना या पेश करना शामिल है, जैसे कि पैसा, रिश्वत, उपहार, अनुग्रह या मनोरंजन। हम सीधे तौर पर ऐसा नहीं करते, और एजेंट, सलाहकार या अन्य मध्यस्थों को भी अप्रत्यक्ष तौर पर हमारे लिए ऐसा करने की अनुमति नहीं दे सकते।

ज्यादातर देशों में भ्रष्टाचार रोधी कानून सरकारी अधिकारियों को अनुचित भुगतान या प्रलोभन देना गैर-कानूनी बनाते हैं। हमारी नीति इससे भी आगे बढ़ते हुए किसी भी व्यक्ति या निकाय को अनुचित भुगतान या प्रलोभन देना प्रतिबंधित करती है। ऐसा करना विश्वास, अखंडता और नैतिक बर्ताव के हमारे आदर्शों से मेल नहीं खाता, और पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

हम Brink's के अंदर हमारी भूमिका या Brink's के व्यवसाय के संबंध में कोई भी भुगतान या किसी भी तरह का अनुचित प्रलोभन या घूस स्वीकार नहीं करते। हम इस तरह की कोशिशों से खुद को प्रभावित नहीं होने देते। अपने रिपोर्टिंग चैनल से ऐसी सभी कोशिशों की रिपोर्ट करें।

अनुचित उद्देश्य के लिए बस भुगतान या प्रलोभन देना या पेश करना संहिता का उल्लंघन है और यह कानून का उल्लंघन हो सकता है, भले ही हमें अंततः इस भुगतान या प्रलोभन से कोई लाभ न मिले।

# अनुचित भुगतान

सरकारी अधिकारी को उपहार देना, भोजन या मनोरंजन देना या यात्रा का भुगतान करना अनुचित भुगतान माना जा सकता है। इसके अलावा, चूंकि हम तीसरे पक्षों द्वारा हमारी ओर से किए कामों के लिए जिम्मेदार हैं, इसलिए भ्रष्टाचार-रोधी कानून के तहत, सरकारी एजेंसियों या राज्य-शासित या नियंत्रित निकायों के शामिल होने वाली स्थितियों में हमारी मदद करने के लिए सलाहकारों या अन्य मध्यस्थों का उपयोग करना भी चिंता का विषय हो सकता है।



इन क्षेत्रों में और मार्गदर्शन के लिए, कंपनी की वैश्विक भ्रष्टाचार रोधी नीति देखें या अपने रिपोर्टिंग चैनल से संपर्क करें।

यू.एस.□.□. विदेशी भ्रष्ट प्रथाअभ्यास अधिनियम (□□□A) सहित, कुछ भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में, नियमित सरकारी कामों को जल्दी करने के लिए □सुविधा भुगतान□ को छूट दी गई है। इस तरह के भुगतान प्राय: स्थानीय कानूनों के तहत गैर-कानूनी होते हैं, और अक्सर यह तय करना मुश्किल होता है कि रिश्वत का भुगतान करना स्वीकार्य है या गैर-कानूनी घूस। हमारी नीति के तहत, सुविधा भुगतान Brink's के कंपनी महापरामर्शदाता की स्वीकृति के बिना प्रतिबंधित हैं। अगर आप सुविधा भुगतान पर विचार कर रहे हैं, तो आपको Brink's के कंपनी महा परामर्शदाता से संपर्क करना चाहिए।

**Q.** मुझे एक लाइसेंस की ज़रूरत है, जिसे सरकारी एजेंसी ने देने से मना कर दिया है, क्योंकि कंपनी तय शर्तों को पूरा नहीं करती। मेरा एक परिचित है, जो कहता है कि उसके लाइसेंस देने के निर्णय लेने वाले एजेंसी के कर्मचारी के साथ बहुत अच्छे संबंध है। मेरा परिचित कहता है कि अगर मैं बस उस अधिकारी को डिनर पर ले जाने के खर्च का भुगतान उसे कर दूं, तो वह मेरे लिए लाइसेंस पा सकता है। क्या मैं आगे बढ़ सकता हूं?

**A.** नहीं। यह ऐसा लाइसेंस पाने के लिए घूस देना माना जाएगा, जिसे पाने के लिए कंपनी अन्यथा योग्य नहीं है। आप लाइसेंस पाने के लिए अधिकारी को डिनर पर नहीं ले जा सकते हैं और कंपनी के लाभ के लिए इस तरह की गतिविधि में तीसरे पक्ष को शामिल नहीं कर सकते।

# नैतिकता और कानूनी तरीके से प्रतिस्पर्धा करना

प्रतिस्पर्धा अक्सर कठिन होती है, लेकिन हमेशा निष्पक्ष होनी चाहिए। हम अपना व्यवसाय नैतिकता के साथ करते हैं और जहां भी संचालन करते हैं, वहां स्पर्धा-रोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करते हैं। इन कानूनों की पहुंच वैश्विक है और इनका पालन न करने वाली कंपनियों और लोगों पर बहुत भारी दंड लगाया जाता है।

इन कानूनों के अनुसार:

- हम प्रतिस्पर्धियों के साथ अपनी कंपनी की व्यावसायिक जानकारी पर चर्चा या साझा नहीं करते, जिसमें कीमतें, मुआवजे, निविदा, ग्राहक, बाजार, क्षेत्र, रणनीति, निवेश या अन्य प्रतिस्पर्धी जानकारी शामिल हैं;
- हम केवल नैतिक और कानूनी माध्यमों से ही प्रतिस्पर्धी जानकारी हासिल करते हैं और उस जानकारी के स्रोत और उसके प्राप्त होने की तारीख का रिकॉर्ड रखते हैं; और
- हम कीमतों, बाज़ार के आबंटन, सेवा क्षेत्र, निवेश, बोली, लागत, लाभ, मार्जिन, ग्राहक के आबंटन, या हमारे व्यवसाय के किसी अन्य प्रतिस्पर्धी पहलू के बारे में प्रतिस्पर्धियों के साथ कोई समझौता (चाहे औपचारिक या अनौपचारिक, मौखिक या लिखित) नहीं करते हैं।

हम प्रतिस्पर्धियों के साथ कम से कम संपर्क रखने पर ज्यादा ध्यान देते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि यह संपर्क केवल उचित और वैध फोरम और तरीके से ही किया जाए। हमें प्रतिस्पर्धियों से मिलने के बारे में कंपनी के नीति और अनुपालन समूह को तुरंत सूचित करना चाहिए (उन मुलाकातों के अलावा जो कंपनी के सामान्य संचालन का हिस्सा हैं, जैसे कि जब कोई प्रतिस्पर्धी कंपनी की शाखा में डिलीवरी करता है या जब कोई प्रतिस्पर्धी कंपनी के लिए उप-ठेकेदार के रूप में काम कर रहा हो)। अगर हमें प्रतिस्पर्धी की जानकारी सीधे प्रतिस्पर्धी से, उसके कर्मचारियों से या अन्य संदिग्ध माध्यमों से मिलती है, तो हमें कानून विभाग और नीति और अनुपालन समूह को भी सूचित करना चाहिए।

प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए, यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे प्रतिस्पर्धी क्या कर रहे हैं, लेकिन हमारा नैतिक और कानूनी माध्यम से ऐसा करना उतना ही महत्वपूर्ण है। जब हम प्रतिस्पर्धी की जानकारी इकट्ठा करते हैं, तो हमें इन बुनियादी मार्गदर्शनों का पालन करना चाहिए:

- केवल सार्वजनिक डोमेन या अन्य वैध स्रोतों से ही प्रतिस्पर्धी की जानकारी इकट्ठा करें और खुद प्रतिस्पर्धी से कभी हासिल न करें;
- जानकारी हासिल करते हुए कभी भी कंपनी या कंपनी के साथ हमारे संबंध पर झूठ न कहें या झूठे बयान न दें; और
- जानकारी इकट्ठा करने के लिए कर्मचारी को नौकरी देने या साक्षात्कार करने की प्रक्रिया का उपयोग न करें।

---

**Q.** मेरी एक संभावित ग्राहक के कार्यालय में मीटिंग थी और मुझे खाली मीटिंग रूम में प्रतिस्पर्धी की मूल्य निर्धारण नीति वाला फोल्डर मिला। प्रतिस्पर्धी ने मुझे यह नहीं दिया था और हमने इस जानकारी को साझा करने का षडयंत्र नहीं रचा था। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** नीति और अनुपालन समूह से संपर्क करके मार्गदर्शन लें कि इस जानकारी के साथ क्या किया जाए। फोल्डर छोड़ दें और उस फोल्डर में दी गई जानकारी पर कोई नोट्स न बनाएं। हमेशा सावधानी बरतते हुए रुक जाएं और अविश्वास उल्लंघन की कोई संभावना पैदा न होने दें।

# नैतिकता और कानूनी तरीके से प्रतिस्पर्धा करना

व्यापार संस्था की मीटिंग चिंता का खास विषय हैं, और हमें इन मीटिंग में हिस्सा लेते हुए नीचे दिए गए नियमों का पालन करना चाहिए:

- मीटिंग से पहले लिखित एजेंडा हासिल करें और इसे कंपनी के कानून विभाग के साथ साझा करें;
- कभी भी Brink's की संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी पर चर्चा न करें, जैसे कि मूल्य निर्धारण, मुआवज़ा, निविदा, ग्राहक, बाज़ार, क्षेत्र, निवेश, या अन्य प्रतिस्पर्धी जानकारी;
- अगर प्रतिस्पर्धी संवेदनशील जानकारी पर चर्चा शुरू करते हैं, तो स्पष्ट कर दें कि आप भाग नहीं लेना चाहते, मीटिंग छोड़ दें और, अगर संभव हो तो, मीटिंग मिनट में अपना प्रस्थान रिकॉर्ड कर दें;
- मीटिंग के बाद मीटिंग मिनट हासिल करें ओर उन्हें कानून विभाग के साथ साझा करें;
- अगर उपयुक्त हो, तो व्यापार संस्था से मीटिंग में वकील को शामिल करने के लिए कहें जो स्पर्धा-रोधी चेतावनियां और सलाह दे; और
- उप-समितियों में अनुचित चर्चा, साथ ही साथ मीटिंग के दौरान और सामाजिक स्थानों में अनौपचारिक चर्चाओं से सावधान रहें।

स्पर्धा-रोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने की हमारी जवाबदेही के बारे में और विस्तार से जानने के लिए, कंपनी की वैश्विक स्पर्धा-रोधी और प्रतिस्पर्धा नीति और संस्था सहभागिता आवेदन देखें।

**Q.** व्यापार संस्था के वार्षिक डिनर में, मैं एक पूर्व सहकर्मी के पास बैठा था जो अब हमारे एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करती है। उसने मुझसे □रिकॉर्ड से बाहर□ पूछा कि हम ग्राहक □ के साथ कैसा काम कर रहे हैं, क्योंकि उसकी कंपनी ऐसे ही ग्राहकों के साथ अपनी कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही है। मैंने उसे बताया कि मैं उसके साथ मूल्य निर्धारण पर बात नहीं कर सकता, लेकिन ऐसा करना काफी असभ्य लगा। क्या मैंने उसे यह बताकर सही किया?

**A.** हां। खुद को और अपनी कंपनी का बचाव करने के लिए अपनी पूर्व सहकर्मी से यह कहना कि यह उचित व्यावसायिक चर्चा नहीं है और जवाब देने से मना करना, बिल्कुल सही काम है। आपको इस चर्चा के बारे में कानून विभाग और नीति और अनुपालन समूह को भी रिपोर्ट करना चाहिए, और ध्यान दें कि □रिकॉर्ड से बाहर की□ बातचीत जैसी कोई चीज नहीं होती।



# हवाला से रक्षा करना

हम केवल वैध व्यावसायिक गतिविधियों में लगे हुए और वैध स्रोतों से फंड पाने वाली प्रतिष्ठित कंपनियों और व्यक्तियों के साथ ही व्यवसाय करने का श्रम करते हैं। हम कभी हवाले की अनदेखी नहीं करते और न ही यह पेश करते हैं, और हम गलती से हवाला की योजनाओं या अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल होने की स्थिति के खिलाफ निम्न तरह से सुरक्षा करते हैं:

- दुनिया भर में हमारे संचालनों पर लागू सभी हवाला-रोधी कानूनों और विनियमों का पालन करके;
- अपने ग्राहकों की अखंडता और प्रतिष्ठा का आकलन करने के लिए ▯अपने ग्राहक को जानें▯ यथोचित परिश्रम आयोजित करके; और
- अपने ग्राहकों द्वारा संदिग्ध गतिविधियां किए जाने से सचेत रहकर।


हमें अपने ग्राहकों और संभावित ग्राहकों की संदिग्ध गतिविधियों से सचेत रहना चाहिए। ऐसा करने से, हमें संभावित अवैध गतिविधि का पता लगाने और ऐसी गतिविधि में शामिल होने से बचने में मदद मिलती है। अगर आपको लगता है कि ग्राहक या संभावित ग्राहक संदिग्ध गतिविधि में शामिल है, तो कानून विभाग या नीति और अनुपालन समूह को इसकी रिपोर्ट करें, ताकि आगे की जांच-पड़ताल की जा सके।

हवाला ऐसे फंड को गुप्त रखने की प्रक्रिया है, जो आपराधिक गतिविधियों से हासिल किया गया है या उन फंड को ऐसा दिखाना जैसे वे वैध तरीकों से पाए गए हैं। इसमें वैध व्यवसायिक गतिविधियों के अंदर पैसे या अन्य संपत्तियों के आपराधिक मूल को छिपाना शामिल है। अपराध या आतंकवाद का समर्थन करने के लिए ऐसे फंड का उपयोग करना चिंता का संबंधित विषय है।

अपने ग्राहक को जानें का यथोचित परिश्रम हालातों और ग्राहक के प्रकार के अनुसार अलग-अलग होता है। इसके अलावा, चूंकि हम पूरी दुनिया में व्यवसाय करते हैं, इसलिए हम अपने संचालन के देश के अनुसार, अलग-अलग तरह के हवाला-रोधी कानूनों और जवाबदेही के अधीन हैं। स्थानीय हवाला-रोधी अनुपालन जवाबदेही के बारे में और जानने के लिए, आपको कानून विभाग या नीति और अनुपालन समूह से परामर्श करना चाहिए।

अपने ग्राहक को जानें प्रक्रिया के दौरान हासिल की जाने वाली जानकारी के प्रकार पर आम मार्गदर्शन पाने के लिए, कंपनी की अपनी ग्राहक प्रक्रिया को जानें देखें।

संभावित संदिग्ध गतिविधियों का संकेत दे सकने वाले, चेतावनी संकेतों, या लाल झंडे के उदाहरण, कंपनी की ग्लोबल एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग पॉलिसी में पाए जा सकते हैं।



**Q.** मैंने पाया है कि हमें दूर जगह में रहने वाले ग्राहक से भारी मात्रा में नकदी मिल रही है। यह अजीब लगता है कि इस ग्राहक के पास इतनी सारी नकदी है और मुझे चिंता है कि यह पैसा कहां से आ रहा है। मुझे क्या करना चाहिए?

**A.** अपने चिंता के बारे में कानून विभाग या नीति और अनुपालन समूह से बताएं ताकि आगे की जांच-पड़ताल की जा सके।

BRINKS

# अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नियमों का पालन करना

हम कुछ लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं, जिसमें कुछ खास देशों, निकायों और लोगों के साथ व्यापार करना प्रतिबंधित है। इन कानूनों का उल्लंघन करने का दंड काफी गंभीर हो सकता है। ये कानून कभी-कभी प्रतिबंध करने वाले देश से बाहर लागू होते हैं।

Brink's पर आम तौर पर लागू होने वाले व्यापारिक प्रतिबंधों में शामिल हैं:

- प्रतिबंधित या रोक वाले देश, निकाय या व्यक्ति को या उससे निर्यात या आयात;
- प्रतिबंधित या रोक वालेदेश, निकाय या व्यक्ति को सेवाएं देना; और
- यू.एस.बहिष्कार-रोधी कानून।

आपको इन प्रतिबंधों के बारे में और जानने के लिए कंपनी की वैश्विक प्रतिबंध नीति की समीक्षा करनी चाहिए, और कानून विभाग या नीति और अनुपालन समूह से कोई भी सवाल पूछें।



# हमारे समुदायों का सम्मान



# अच्छे कार्पोरेट नागरिक की तरह व्यवसाय करना

हम जिन समुदायों में व्यवसाय करते हैं, वहां अच्छा नागरिक बनना हमारी जिम्मेदारी है और हम इस भूमिका का सम्मान करते हैं। हम अपने समुदायों में अपनी आर्थिक भूमिका को लेकर संवेदनशील हैं, और कंपनी हमारे समुदायों का समर्थन करने वाले संगठनों का सहयोग करती है।

हम कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को सार्वजनिक सेवाओं के प्रति समर्पित संगठनों में सक्रिय निजी भूमिका में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करते हैं। हममें से हर कोई निजी चैरिटेबल योदान करने के लिए स्वतंत्र है। तथापि, अगर आप चाहते हैं कि Brink's चैरिटेबल योगदान करें या चैरिटेबल उद्देश्यों या आयोजनों में भाग लें, तो आपको अपने प्रबंधन से इसकी चर्चा करनी चाहिए और अपने देश या क्षेत्र पर लागू आवश्यक कार्पोरेट स्वीकृति हासिल करनी चाहिए।

हम वैश्विक मानव अधिकार का सम्मान करते हैं। इससे हमारे कर्मचारियों और जिन समुदायों में हम काम करते हैं, उन दोनों का फायदा होता है। हम मानवाधिकारों के हनन की निंदा करते हैं और हम नाबालिगों के रोजगार के संबंध में लागू स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हैं।

यह Brink's के लिए चैरिटेबल संगठनों में सहयोग करने हेतु उपयुक्त हो सकता है। तथापि, सभी मामलों में, और खास तौर पर जहां उस ग्राहक या सरकारी निकाय के साथ कनेक्शन हो, जिसके साथ हम काम कर रहे हैं - दूरस्थ या अप्रत्यक्ष सहयोग को भी - आंतरिक रूप से स्वीकृत किया जाता है चाहे वह पैसा हो या कुछ और। अपने देश या क्षेत्र पर लागू स्वीकृति प्रक्रिया के बारे में अपने रिपोर्टिंग चैनल से पता करें।

# कानून के अनुकूल राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होना

हम Brink's कार्पोरेट योगदान करता है, तो हम लागू कानून का पालन करते हैं और देश या क्षेत्र कार्य-विधियों के अनुसार पहले से ही स्वीकृति ले लेते हैं।

हम सभी के पास राजनीतिक प्रक्रियाओं में हिस्सा लेने या न लेने का अधिकार है, और कंपनी या प्रबंधन या अन्य कर्मचारियों को किसी भी तरह से हमारे निर्णय को प्रभावित करने के लिए हम पर दबाव नहीं बनाना चाहिए।

जब हम खुद से किसी राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं, तो हमें यह ध्यान देना चाहिए कि हम अपने निजी विचार व्यक्त करें और कंपनी की तरफ से कोई राय या विचार न दें। इसके अलावा, कोई भी निजी राजनीतिक गतिविधियों को पूरा करने या उनका समर्थन करने के लिए कंपनी के संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकता।

अगर आप पर किसी राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने या अपनी राजनीतिक गतिविधियों या निर्णय के संदर्भ में दबाव बनाया जा रहा है, या आप मानते हैं कि आपसे ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए बदला लिया जा रहा है, तो तुरंत इसकी रिपोर्ट अपने रिपोर्टिंग चैनल से करें।

---

**Q.** मेरी पड़ोसी मेयर का चुनाव लड़ रही है और मैंने उसे उसके अभियान में मदद करने की पेशकश की। उसके विचार Brink's के मूल्यों से मेल खाते हैं। क्या मैं अपनी लंच की छुट्टी में कलर प्रिंटर पर अभियान के कुछ फ्लायर प्रिंट कर सकता हूं?

**A.** नहीं। आप निजी राजनीतिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए कंपनी के संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते हैं (चाहे यह कितना ही कम महत्वपूर्ण क्यों न हो)।

[वैश्विक कॉर्पोरेट दान नीति]



# संपर्क और नीति संदर्भ की सूची

# संपर्क की जानकारी

## एथिक्स हॉटलाइन:

SCAN HERE

https://brinkshotline.ethicspoint.com
(30+ भाषाओं में उपलब्ध) और स्थानीय हॉटलाइन नंबर, जहां भी उपलब्ध हों, दिखाए जाते हैं

## मुख्य अनुपालन अधिकारी:

ध्यान दें: मुख्य अनुपालन अधिकारी

The Brink’s Company
P.O. Box 18100
Richmond, VA 23226
United States

## नीति और अनुपालन समूह:

क्षेत्रीय नीति और अनुपालन समूह – मौजूदा संपर्क जानकारी नीति और अनुपालन समूह के इंट्रानेट पेज पर मिल सकती हैं।

ईमेल भेजें:
compliance@brinkscompany.com

## कानून:

ध्यान दें:

कर्मचारी अपने रिपोर्टिंग चैनल को भी किसी भी चिंता की रिपोर्ट कर सकते हैं।

# कंपनी की नीतियां और प्रकटन के टूल्स

संहिता में संदर्भित निम्न नीतियां Brink's के नेटवर्क में यहां या Google कार्यस्थान यूज़र्स के लिए यहां पाई जा सकती हैं।

कंपनी के नीति और अनुपालन समूह या कानून विभाग से प्रतियां भी पाई जा सकती हैं।

- वैश्विक भ्रष्टचार रोधी नीति
- ग्लोबल एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग पॉलिसी
- वैश्विक स्पर्धा-रोधी और प्रतिस्पर्धा नीति
- वैश्विक हितों का टकराव नीति
- वैश्विक कॉर्पोरेट दान नीति
- वैश्विक डेटा रक्षा नीति और क्षेत्रीय डेटा रक्षा नीतियां
- वैश्विक उपहार और मनोरंजन नीति
- वैश्विक प्रतिबंध नीति
- वैश्विक सोशल मीडिया नीति
- इंसाइडर ट्रेडिंग नीति
- अपनी ग्राहक प्रक्रिया को जानें
- विनियमन [illegible] नीति
- आपूर्तिकर्ता आचार संहिता
- हिंसा और उत्पीड़न से मुक्त सहज कार्यस्थल नीति

निम्न टूल्स Brink's के नेटवर्क में यहां और Google कार्यस्थान यूज़र्स के लिए यहां पाए जा सकते हैं।

- संस्था सहभागिता आवेदन
- हिंतों का टकराव घोषणा फॉर्म
- उपहार और मनोरंजन स्वीकृति फॉर्म
- सरकारी अधिकारी नोटिफिकेशन फॉर्म

# अल्फाबेटिकल सूची

2002 का सार्बेन्स-ऑक्सली अधिनियम . . . . . . . .15
Brink's के साथ प्रतिस्पर्धा करना . . . . . . . . . . .21
□□□A . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 30

## अं

अंतरराष्ट्रीय व्यापार . . . . . . . . . . . . . . . . . . 34
अंदरूनी जानकारी . . . . . . . . . . . . . . . . . . .17
अखंडता. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 2, 5, 10
अनुचित बर्ताव . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .12
अनुचित भुगतान . . . . . . . . . . . . . . . . .29-30
अनुशासनात्मक कार्रवाई . . . . . . . . . . . . . .6, 8
अपने ग्राहक को जानें . . . . . . . . . . . . . . . . 33
अपमानजनक बर्ताव . . . . . . . . . . . . . . . . . .12
आंतरिक नियंत्रण . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .15
आक्रामक बर्ताव और सामग्रियां . . . . . . . . . . .12
आपूर्तिकर्ता . . . . . . . . . . . . . . . . 21, 25, 40
आयात कानून. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 34

## इं

इंसाइडर ट्रेडिंग . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .17

## उ

उचित व्यवहार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .10
उत्पीड़न . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 12, 40
उप-ठेकेदार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .31
उपहार और मनोरंजन . . . . . . . .22-24, 29-30, 40
उल्लंघन की जवाबदेही . . . . . . . . . . . .6, 16, 20

## ए

एजेंट्स . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 29
एथिक्स हॉटलाइन . . . . . . . . . . . . . . . 2, 7, 39

## ऑ

ऑडिट के अनुरोध . . . . . . . . . . . . . . . . . . .16

## कं

कंपनी की संपत्तियों की रक्षा करना . . . . . . . .19-20
कंपनी के स्टॉक खरीदना . . . . . . . . . . . . . . .17
कम्पनी की संपत्तियां और उपकरण . . . . . . . .11, 19
कॉर्पोरेट नागरिकता . . . . . . . . . . . . . . . . . 36

## खु

खुला संचार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 7, 10

## ग

गरिमा . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 10, 12
गोपनीय जानकारी . . . . . . . . . . . . . 18, 25, 28
गोपनीयता . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .11
गोपनीयता . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .11, 19

## घू

घूस. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .29-30

## चिं

चिंताओं की
  जांच . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 7
  सहभागिता. . . . . . . . . . . . . . . . . . . 8, 16
चिंताओं या उल्लंघनों की रिपोर्ट
करना . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .7-8, 15

## चै

चैरिटेबल योगदान . . . . . . . . . . . . . . . . . 36

## छू

छूट . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 5
छूट पाना . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .21

## ट

टकरावों को प्रकट करना. . . . . . . . . . . . . . 22

# अल्फाबेटिकल सूची


## टि

टिप देना . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .17

## ट्रे

ट्रेडमार्क और ट्रेडिंग के रहस्य . . . . . . . . . . . . 20

## डे

डेटा रक्षा . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 11, 18, 40

## ती

तीसरे पक्ष और मध्यस्थता . . . . . . . . . . . . . 30

## द

दस्तावेज़ संरक्षित रखना. . . . . . . . . . . . . . . .16

## ध

धमकी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .12-13
धमकीभरा बर्ताव . . . . . . . . . . . . . . . . . .12-13

## न

नकदी उपहार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 23

## नि

निर्यात कानून. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 34
निवेश
    और हितों के टकराव . . . . . . . . . . . . . . . .21
    और इंसाइडर ट्रेडिंग . . . . . . . . . . . . . . . .17
निष्पक्ष व्यवहार करना . . . . . . . . . . . . . . . 28

## नी

नीचा दिखाने वाला बर्ताव . . . . . . . . . . . . . . . .12
नेतृत्व की जिम्मेदारियां . . . . . . . . . . . . . . . .2, 6

## प

पर्सनल डेटा और जानकारी . . . . . . . . . . . . . . 11
प्रकटन टूल्स . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 40
प्रतिबंधित देश या व्यक्ति . . . . . . . . . . . . . . 34
प्रतिभूतियां . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .17
प्रतिशोध . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 2, 6-8, 12
प्रतिस्पर्धा कानून . . . . . . . . . . . . . . . . . . .31-32
प्रतिस्पर्धियों के साथ अनुबंध . . . . . . . . . . . .31-32
प्रतिस्पर्धी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .21, 31-32
    जानकारी/सूचना. . . . . . . . . . . . . . . . . . .31
    सम्पर्क करें . . . . . . . . . . . . . . . . . . .31-32
प्रबंधकों की जिम्मेदारियां . . . . . . . . . . . . . .2, 6

## ब

बचाव और सुरक्षा . . . . . . . . . . . . . . . . . .13
बहिष्कार रोधी कानून . . . . . . . . . . . . . . . . 34
बाहरी नौकरियां और संबद्धता . . . . . . . . . . .21-22
बौद्धिक संपदा . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 20
ब्रांड . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 20

## भे

भेदभाव . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .10
भोजन के खर्च . . . . . . . . . . . . . . . . . . .22-24

## म

मनोरंजन . . . . . . . . . . . . . 22-24, 29-30, 40
महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी . . . . . . . . . .17
मानव अधिकार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 36
मालिकाना जानकारी . . . . . . . . . . . . . . . . . .18
मीडिया पूछताछ. . . . . . . . . . . . . . . . . . . 25
मूल्य निर्धारण . . . . . . . . . . . . . . . . . . .31-32

## य

यथोचित परिश्रम . . . . . . . . . . . . . . . . . . 33
यात्रा के खर्च . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .23-24

# अल्फाबेटिकल सूची


## रा

राजनीतिक गतिविधि . . . . . . . . . . . . . . 21, 37
राजनीतिक सहयोग . . . . . . . . . . . . . . . . 37

## रि

रिकाड्र्स . . . . . . . . . . . . . . . . . . .15-16, 18
रिपोर्टिंग चैनल . . . . . . . . . . . . . . . . . .5, 7
रिश्तेदारों या दोस्तों को नौकरी देना . . . . . . .21-22
रिश्वत . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 29
रिश्वत या भ्रष्टाचार रोधी . . . . . . 23-24, 29-30, 40

## रो

रोज़गार कानून अधिकार. . . . . . . . . . . . . . . 5

## लो

लोगो . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 20

## वि

विक्रेता . . . . . . . . . . . . . . . . . . 18, 22, 28
वित्तीय डेटा और रिपोर्ट . . . . . . . . . . . . . . .15
विदेशी भ्रष्ट प्रथा अधिनियम . . . . . . . . . . . . 30
विविधता . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 10, 27

## व्य

व्यवसायिक रिकॉर्ड . . . . . . . . . . . . .15-16, 18
व्यापार संस्थाएं . . . . . . . . . . . . . . . . 32, 40

## व्हि

व्हिसलब्लोअर की रक्षा . . . . . . . . . . . . . . . 5

## श्र

श्रमिक कानून के अधिकार. . . . . . . . . . . . . . 5

## सं

संचार . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 25
संदिग्ध गतिविधियां . . . . . . . . . . . . . . . . 33
संपत्ति और उपकरण का उपयोग. . . . . . . . . . .19
संहिता के उल्लंघन . . . . . . . . . . . . . . . . . 6
संहिता के उल्लंघन . . . . . . . . . . . . . .7-8, 21
संहिता के सिद्धांत . . . . . . . . . . . . . . . 2, 5-6
समान मौका . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .10
सम्मान . . . . . . . . . . . . . . . . . .2, 6, 10-13
सरकारी अधिकारी . . . . . . . . . . 7, 24, 29, 40
सरकारी एजेंसी/निकाय . . . . . . . . . . . . . .7, 30
सरकारी प्राधिकरण . . . . . . . . . . . . . . . . . .16
सलाहकार . . . . . . . . . . . . . . . . . 21, 29-30
सवालों या चिंताओं के लिए संसाधन . . . . . 2, 5-8
सामान्य सौजन्य . . . . . . . . . . . . . . . . .22-23
सुविधा भुगतान क . . . . . . . . . . . . . . . . . 30
सोशल मीडिया . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 25

## स्टॉ

स्टॉक में ट्रेडिंग करना . . . . . . . . . . . . . . .17
स्टॉक . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .17
स्पर्धा-रोधी कानून. . . . . . . . . . . 18, 31-32, 40

## ह

हवाला. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 33, 40
हवाला-रोधी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 33

## हि

हितों के टकराव . . . . . . . . . . . 12, 21-23, 40
हॉटलाइन, एथिक्स . . . . . . . . . . . . . . . 2, 7, 39

ETHICS & COMPLIANCE

BRINKS